श्रीगुरुमाई के वर्ष २०१८ के सन्देश से प्रेरित रचनात्मक अभिव्यक्तियाँ

श्रीगुरुमाई का सन्देश, सिद्धयोगियों और नए जिज्ञासुओं को उनके आध्यात्मिक अभ्यास में पूरे वर्ष और जीवनभर मार्गदर्शन प्रदान करता है। विश्वभर के कई लोग श्रीगुरुमाई के सन्देश का अध्ययन करने के लिए जो तरीक़े अपनाते हैं उनमें से एक है, रचनात्मक अभिव्यक्ति। पिछले कुछ वर्षों से, सिद्धयोग पथ वेबसाइट ने इन सिद्धयोगियों को आमन्त्रित किया है कि वे अपनी रचनात्मक अभिव्यक्तियाँ बाँटें।

और यह आमन्त्रण कैसे आरम्भ हुआ : २०१६ की शुरुआत में, एक दिन गुरुमाई जी ने सिद्धयोग पथ वेबसाइट के सेवाकर्ताओं से पूछा, "जो लोग सन्देश का रचनात्मक तरीक़ों से अध्ययन करते हैं उनकी कलात्मक रचनाओं को यदि वेबसाइट पर लगाया जाए तो कैसा रहेगा? क्या इससे दूसरे लोग प्रेरित नहीं होंगे और क्या सन्देश को एक दूसरे दृष्टिकोण से देखने पर उन्हें गहन सन्तोष नहीं मिलेगा?" सेवाकर्ता पूर्णता से सहमत हुए। उन्होंने उत्साहपूर्वक यह बात लोगों तक पहुँचा दीं और कुछ ही समय में विश्वभर के लोग अपना रचनात्मक कार्य — पेन्टिंगस्, ड्रॉइंग्स्, फोटोग्राफी और सभी प्रकार की कलाकृतियाँ — वेबसाइट पर भेजने लगें।

इस वर्ष कई लोगों ने बताया कि जब से उन्होंने 'एक मधुर सरप्राइज़' सत्संग, २०१८ में श्रीगुरुमाई का सन्देश प्राप्त किया है, उनके अन्तर से कविता स्वतः स्फुरित हो रही है। सन्देश नया प्रकाश दे रहा है, समयातीत सिद्धयोग सिखावनियों पर नए दृष्टिकोण प्रदान कर रहा है और यह अन्तर्दृष्टि कविताओं के के रूप में उदित हो रही है। इसलिए, सिद्धयोग पथ वेबसाइट के सेवाकर्ता रचनात्मक अभिव्यक्ति की एक अन्य विधा — कविता — को यहाँ प्रस्तुत करने के लिए उत्साहित हैं।

वर्ष २०१८ के लिए श्रीगुरुमाई के सन्देश से प्रेरित इन रचनात्मक अभिव्यक्तियों को देखने और पढ़ने का आनन्द उठाएँ, और यदि आपको भी प्रेरणा मिल रही है तो **अपनी कलाकृति भेज दें!** आप में से हरेक का योगदान अपने आप में अद्वितीय होगा और वह सिद्धयोग की धरोहर को सशक्त करने में सहायक होगा।

© २०१८ एस.वाय.डी.ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।